SYBA Sem IV

Paper / Subject Code: 96542 / Hindi : Paper II

SYBA Sem IV
27/4/19
2.30 - 5.30
pages - 2

समय : ३ घंटे 27-4-19 अंक : १००

(40)

सूचना : सभी प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित हैं ।

प्रश्न १) निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । २७

(अ) ''अत्याचारी से ज्यादा बड़ा अपराधी वह होता है, जो अत्याचार को सहता है। तेरा यही अपराध है।''

अथवा

''अब मुझे ज्ञान मिल गया है, भगवान। अब मुझसे फिर कोई भूल न होगी, अब अनुभव कर रहा हूँ कि जंगल के और प्राणियों से अधिक शक्ति मुझमें है।''

(आ) ''लबालब भरे तालाबों को सुखे आँकडों में समेटने की कोशिश किस ओर से शुरू करें? फिर से देश के बीच के भाग में वापस लौटे।''

अथवा

"सैकडों हजारों तालाब शून्य में से प्रकट नहीं हुए थे। लेकिन उन्हें बनानेवाले लोग शून्य बना दिए गए हैं।"

(इ) ''क्या पुरूषार्थ का अर्थ क्रूरता है, केवल निर्ममता, हिंसा, वध, हत्या, रक्तपात ही पौरूष के प्रतीक हैं?''

अथवा

"आज से यादव साम्राज्य में नाटक नहीं होंगे । आज से संगीत का निषेध । आज से देवोपासना , धर्म-शिक्षाओं का निषेध। "

प्रश्न २) निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए । ३६

(क) उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'जंगल तंत्रम्' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

अथवा

'जंगल तंत्रम्' उपन्यास में भारतीय आजादी के बाद के विसंगत और विडंबनापूर्ण जीवन का वर्णन किस प्रकार किया गया है ?

(ख) 'नींव से शिखर तक' निबंध में मिश्रजी ने तालाब बनाने की प्रकिया का वर्णन किस प्रकार किया है ?

अथवा

'आज भी खरे हैं तालाब ' निबंध में तालाबों की आवश्यकता कैसे प्रतिपादित की गई है ?

(ग) 'कथा एक कंस की' नाटक के आधार पर कंस का चरित्र चित्रण कीजिए।

अथवा

'कथा एक कंस की' नाटक में पौराणिकता तथा कल्पना का सुंदर समन्वय हुआ है, स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न ३) निम्नलिखित में से किसी एक सामान्य प्रश्न का उत्तर लिखिए। १२

'जंगल तंत्रम्' उपन्यास के आधार पर मोर की प्रतिकात्मता स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'संसार सागर के नायक' निबंध में तालाब का निर्माण करनेवाली जातियों का परिचय कैसे दिया गया है ?

अथवा

'कथा एक कंस की' नाटक के आधार पर प्रलंब का चरित्र चित्रण कीजिए।

प्रश्न ४) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। १५

(च) 'जंगल तंत्रम्' उपन्यास की प्रतिकात्मकता।

अथवा

'जंगल तंत्रम्' उपन्यास का उद्देश्य।

(छ) 'आज भी खरे है तालाब' शीर्षक की सार्थकता।

अथवा

तालाब निर्माण की संस्कृति का परिचय।

(ज) देवकी का चरित्र चित्रण।

अथवा

प्रद्योत के व्यक्तित्व की विशेषताएँ।

प्रश्न ५) निम्नलिखित अतिलघुत्तरी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । १०

१) जंगल तंत्रम् में 'नाग' किसका प्रतीक है ?
२) अफ़सर वर्ग की भाषा कौन बोलता है ?
३) 'जंगल तंत्रम्' उपन्यास की कहानी कितनी रातों की है ?
४) 'जंगल तंत्रम्' उपन्यास का प्रकाशन कब हुआ ?
५) गजधर का अर्थ क्या है ?
६) 'आज भी खरे है तालाब' किसकी रचना है ?
७) वर्षा के देवता कौन हैं ?
८) 'अस्ति' किस देश की राजकुमारी थी ?
९) कंस के पिता का नाम क्या था ?
१०) गाँव अपनी अंजुली में क्या भर लेता था ?

....